# नवज्योति विकलांग कल्याण एवं पुनर्वास संस्थान, हनुमानगढ़
# प्रगति प्रतिवेदन
# वर्ष 2022–23

वर्ष 2022–2023 में संस्थान के कल्याणकारी कार्यों को गति देने के लिए सभी पदाधिकारियों, दानदाताओं व आमजन ने अपना भरपूर सहयोग दिया है। इसमें विशेष रूप से संस्था के पदाधिकारियों ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की और अपना कीमती समय व योगदान दिया।

इस वर्ष नवज्योति विकलांग कल्याण एवं पुनर्वास संस्थान, हनुमानगढ़ ने दिव्यांग बच्चों के कल्याण एवं उनके पुनर्वास के लिए शिक्षा के साथ अनेक सफल कार्यक्रमों का संचालन किया गया। मूक–बधिर व नेत्रहीन बालक बालिकाओं के शिक्षण प्रशिक्षण के अलावा विमन्दित, सेरिब्रल पाल्सी व अस्थिजन्य निःशक्त बच्चों के हितार्थ भी अनेक कार्य संस्था द्वारा किए गये। इस वर्ष संस्थान द्वारा विशेष शिक्षा महाविद्यालय का शुभारम्भ किया गया। इसमें भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त कर प्रथम सत्र का श्री गणेश किया गया। इस वर्ष संस्थान द्वारा आर सी आई से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में B.Ed. Special Education (HI) व D.Ed. Special Education (HI) का प्रारंभ किया।

**1. समाज कल्याण बोर्ड राजस्थान की अध्यक्ष श्रीमती आरती शर्मा व ओ. बी. सी. वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष श्री पवन गोदारा द्वारा संस्थान का अवलोकन –** समाज कल्याण बोर्ड राजस्थान की अध्यक्ष श्रीमती आरती शर्मा व श्रीमान पवन गोदारा, अध्यक्ष ओ. बी.सी. वित एवं विकास आयोग ने संस्थान का अवलोकन किया और संस्थान की गतिविधियों की मुक्त कण्ठ से सराहना की। उनके साथ जिला प्रमुख हनुमानगढ़ श्रीमती



कविता मेघवाल, पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा देवठिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्री अशोक असीजा जी के अलावा गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे । संस्थान में इस वर्ष संयुक्त निदेशक, निदेशालय विशेष योग्यजन श्री अशोक जांगीड़ जी ने भी निरिक्षण किया और संस्थान के कार्यो की प्रशंसा की।



**2. संस्थान का वार्षिकोत्सव :–** प्रति वर्ष की भांति 5 मार्च 2023 को संस्था का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें विशेष रूप से नगर परिषद सभापति श्री गणेशराज बंसल, सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मुख्य




कार्यकारी शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आदि प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व आमजन ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वार्षिकोत्सव में बच्चों के अलावा दानदाताओं व संस्था को सहयोग करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया गया।

**3. नवज्योति विशेष आवासीय विद्यालय :–** प्रत्येक वर्ष की भांति संस्थान द्वारा संचालित नवज्योति विशेष आवासीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। राज्य सरकार द्वारा आयोजित 5वीं व 8वीं बोर्ड की परीक्षा में सभी बच्चे अच्छे ग्रेड से उत्तीर्ण हुए। बच्चों को सांकेतिक भाषा के अलावा अक्षर ज्ञान और सामान्य दैनिक क्रियाओं को सिखाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा अन्य खेलकूद आदि गतिविधियों में बच्चों का सराहनीय योगदान रहा।



**4. सर्वधर्म प्रार्थना सभा** :– महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में संस्थान द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चारों धर्मों के माननीय विद्वान उपस्थित हुए।

**5. स्काउट गाईड शिविर का संचालन :–** भारत वर्ष रोवर स्काउट एण्ड गाईड हनुमानगढ़ के द्वारा संस्थान में बच्चों के लिए स्काउट गाईड शिविर का संचालन किया गया। सी.ओ. स्काउट श्री भारत भूषण के नेतृत्व में संचालित इस शिविर में



बच्चों ने भाग लिया। विशेष बच्चों के लिए स्काउट गाईड द्वारा यह अलग तरह का शिविर था। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने स्काउट गाईड की पति को बारीकी से जाना। वहीं शिक्षकों ने भी इन बच्चों के साथ अलग अनुभव प्राप्त किया।

**6. स्वास्थ्य जांच शिविर :–** संस्थान द्वारा प्रशिक्षित चिकित्सक से प्रतिमाह बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों के सम्पूर्ण जांच के लिए बी.सी.एम.ओ. डॉ. ज्योति धींगड़ा एवं उनके स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी। 52 बच्चों को स्वास्थ्य जांच किया गया और उन्हें हाईजिन व साफ सफाई के लिए बताया गया। साबुन से हाथ किस प्रकार धोएं इसका भी डैमो दिया गया।



**7. नवज्योति विशेष शिक्षा महाविद्यालय :–** इस वर्ष आर. सी. आई. से मान्यता प्राप्त B.Ed. Special Education (HI) व D.Ed. Special Education (HI) का शुभारम्भ सत्र 2022-23 से किया गया। नवज्योति विशेष शिक्षा महाविद्यालय का संचालन संसथान के विकास में एक मील का पत्थर स्थापित होगा।



**8. विभिन्न त्यौहारों पर विशेष आयोजन :–** संस्था में निवासरत दिव्यांगजनों बच्चों के लिए विभिन्न त्यौहारों–लोहड़ी, मक्कर संक्रान्ति, होली, दिवाली, गुरू गोविन्द जयंती आदि पर विशेष आयोजन किये गये। इसके अलावा महापुरूषों की जयंती राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा भीमराव अम्बेडकर, सरदार भगत सिंह, क्रांतिकारी अशफाकउल्ला खान, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आदि की जयंती धूमधाम से मनाई गई और उन्हें श्रासुमन अर्पित किये गये।




**9. विशिष्ट महानुभावों द्वारा संस्था का अवलोकन :–** इस वर्ष संस्थान का विशिष्ट महानुभावों ने अवलोकन कर संस्थान की गतिविधियों की भूरी–भूरी प्रशंसा की। राजस्थान ओ. बी. सी. वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पवन गोदार्रा, जिला प्रमुख श्रीमती कविता मेघवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला–परिषद श्री अशोक असीजा, अतिजिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा देवठिया, उपखण्ड अधिकारी श्री अवि गर्ग, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, संयुक्त निदेशक, निदेशालय विशेष योग्यजन श्री अशोक जांगीर, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग विक्रम सिंह, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग हनुमानगढ़ श्री महावीर, नगर परिषद के सभापति श्री गणेशराज बंसल, बाल कल्याण समिति हनुमानगढ़ के अध्यक्ष श्री



जितेन्द्र गोयल एवं समस्त सदस्यगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के अलावा पंच, सरपंच, जन प्रतिनिधियों व प्रबुद्व नागरिकों ने संस्थान का अवलोकन कर संस्थान द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों की सराहना की है।

**10. आर्थिक सहयोग :–** संस्थान को जन सहयोग से दान एवं चन्दे के अलावा निदेशालय विशेष योग्यजन–सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान से आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है जिसके लिए संस्थान विभाग का विशेष रूप से आभारी है।



# विमंदित एवं सेरेब्रल पालसी से ग्रसित बच्चो का कल्याण एवं पुनर्वास

**संस्थान द्वारा विमंदित एवं सेरेब्रल पॅालसी से ग्रसित बच्चों के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम का संचालन किया गया ।**

1. **विशव सेरिब्रल पॅालसी दिवस :** 6 अक्टूबर 2022 को मनाये जाने वाले विशव सेरिब्रल पॅालसी दिवस के अवसर पर फिजियोथेरेपी कैंप विशेष रूप से सेरिब्रल पॅालसी से ग्रसित बच्चों हेतु लगाया गया । कुल 76 बच्चों को सेवायें दी गयी । शिविर में डा० रामकुमार सिहाग व डा० अमित कुमार ने अपनी सेवायें प्रदान की ।





2. **गृह आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम :–** वर्ष भर में कुल 3 होम बेस्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें विमंदित एवं सेरेब्रल पॉल्सी से ग्रसित सीवियर और प्रोफाउण्ड कैटेगिरी के बच्चों को उनके घर में लाभान्वित किया गया। जिसमें संस्था के विषय विशेषज्ञों ने अपनी निःशुल्क सेवाएं दी। इसके कारण उन बच्चों को भी लाभान्वित किया गया जो संस्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। यह प्रकल्प गत सात वर्षों से आयोजित किया जा रहा है।



## आटिज्म से ग्रसित बच्चो का कल्याण एवं पुनर्वास

**संस्थान द्वारा आटिज्म से ग्रसित बच्चों के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम का संचालन किया गया।**

1. **विशव आटिज्म दिवस :** 2 अप्रैल 2022 के विशव आटिज्म दिवस रोटरी क्लब के सहयोग से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जे. पी. गर्ग, एडवोकेट द्वारा की गयी । ऑटिस्टिक बच्चों के अभिभावकों को डा० बी. के. शर्मा प्रसिद्ध मनोचिकित्सक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी व अभिभावकों की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान किया गया ।
2. **अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस :** 3 दिसम्बर 2022 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों को उपकरण सहायता प्रदान की गयी । जिसमें जन सहयोग से 11 ट्राईसाइकिल, 3 व्हील चेयर, 20 बैसाखी, 4 श्रवन यंत्र व 20 वाकिंग स्टीक प्रदान की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुक्त विशेष योग्यजन श्री उमाशंकर शर्मा नें संस्था की गतिविधियों के सराहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी व जन प्रतिनिधि भी मौजुद थे ।






| Activity Wise / Year Wise | | | |
|---|---|---|---|
| **S. No.** | **Name of the disability** | **Activity/ Camp Date** | **No. of Beneficiaries** |
| **1.** | Cerebral Palsy | October 6th, 2022 | 76 |
| **2.** | Cerebral Palsy | July 10th -20th, 2023 | 150+ |
| **3.** | Autism | April 2nd, 2022 | 19 |
| **4.** | Cerebral Palsy/ Autism/ Hearing | December 3rd, 2022 | 58 |

| Own Special School: Navjyoti Viklang Kalyan Evam Punarwas Sansthan | | | |
|---|---|---|---|
| **S. No.** | **Disability** | **No. of students** | **Academic Session** |
| **1.** | Hearing Impairment | 54 | 2023-24 |
| **2.** | | 48 | 2022-23 |
| **3.** | | 44 | 2021-22 |
| **4.** | Low Vision | 3 | 2023-24 |
| **5.** | | 4 | 2022-23 |
| **6.** | | - | 2021-22 |
| **7.** | Blindness | 2 | 2023-24 |
| **8.** | | 1 | 2022-23 |
| **9.** | | 1 | 2021-22 |
| **10.** | Mental Retardation | 22 | 2023-24 |
| **11.** | | 18 | 2022-23 |
| **12.** | | 10 | 2021-22 |
| **13.** | Cerebral Palsy | 1 | 2023-24 |
| **14.** | | 1 | 2022-23 |
| **15.** | | - | 2021-22 |
| **16.** | Multiple Disabilities | - | 2023-24 |
| **17.** | | - | 2022-23 |
| **18.** | | 1 | 2021-22 |